प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रांची में झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1 परिसर स्थित परेड मैदान में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक सहित पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह में झारखण्ड जगुआर के आरक्षी सुनील धान को भी याद किया गया, श्री धान चाईबासा जिले में नक्सल अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में शहीद हुए थे। कार्यक्रम में शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके परिवारों के साथ सदैव खड़े रहने का संकल्प लिया गया।

****

उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन में भी पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने शहीदों की याद में पुष्पांजलि दी और उनके त्याग को नमन किया।

****

लोहरदगा पुलिस लाइन में भी शहीदों की याद में पुलिस स्मरण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

****

इधर हजारीबाग पुलिस लाइन में पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि शहीदों का त्याग और बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने शहीद परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

****

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी–खनन महोत्सव 'खनन 25' का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में देशभर के प्रतिभागी खनन और पृथ्वी विज्ञान से जुड़ी तकनीकी प्रतियोगिताओं, चर्चाओं और कार्यशालाओं में भाग लेंगे। कार्यक्रम में माइनिंग ओलंपियाड, माइन डिज़ाइनाथॉन, पैनल चर्चा और माइनिंग रोबोटिक्स जैसी प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं मुख्य आकर्षण होंगी।

****

सरायकेला में कल रात परंपरागत और धार्मिक माहौल में मां काली की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। अनुमंडल पदाधिकारी निवेदिता नियति ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा–अर्चना कर जिले की शांति और समृद्धि की कामना की।

****

इधर पाकुड़ में भी काली पूजा को लेकर जिलेभर में भक्तिमय माहौल रहा और विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कालिकापुर रेलवे स्टेशन मैदान का आकर्षक पंडाल और कालितल्ला श्मशान मंदिर के पास लगा मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

****

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बोकारो जिले में तैयारी चल रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के चेटर–जिंगी मुख्य पथ से पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के घर से देशी कट्टा और कई जिंदा गोलियां बरामद कीं और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

****

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में आज सुबह मौसम साफ रहा और ठंड का एहसास हुआ, जबकि दिन में धूप में गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले 48 घंटों में बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में कम दबाव का क्षेत्र बनने वाला है। इसका प्रभाव 26 अक्टूबर के बाद राज्य के मौसम पर भी दिख सकता है और कई हिस्सों में फिर से बारिश के नए दौर की शुरुआत हो सकती है।

*********समाप्त**************